ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 10-12-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-12-10 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-12-11	2021-12-12	2021-12-13	2021-12-14	2021-12-15
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	0.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	24.0	23.0	23.0	22.0	22.0
न्यूनतम तापमान(से.)	8.0	7.0	7.0	7.0	6.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	85	80	75	75	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	45	40	40	40
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	6.0	6.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	310	310	320	320	330
क्लाउड कवर (ओक्टा)	1	1	2	2	1

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (3 – 9 दिसम्बर, 2021) में 0.0 मिमी वर्षा हुई व आसमान साफ रहा। अधिकतम तापमान 22.0 से 27.0 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 9.4 से 15.4 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 91 से 95 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 43 से 69 प्रतिशत एवं हवा 1.1 से 5.7 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 22.0 से 24.0 व 6.0 से 8.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0 किमी/घंटे

की गति से उत्तर-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 15 से 21 दिसम्बर के दौरान राज्य में वर्षा, अधिकतम व न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉइड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए पिछले हफ्ते एनडीवीआई 0.1-0.4 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मैप 11 नवम्बर से 8 दिसम्बर तक हल्की नमी की स्थिति को दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, मौसम साफ रहेगा। किसान भाई सबिजयों व फसलों में कीट व रोगो की निगरानी करते रहें तथा संस्तुत रसायनो का प्रयोग आवश्यकतानुसार करे।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
गेहूँ	फसल की देर से बुवाई 25 दिसम्बर तक कर लें अन्यथा उपज में काफी कमी आ जाती है। असिंचित दशा में बोई गयी फसल में निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल लें।
लहसुन	लहसुन की फसल में थ्रिप्स का प्रकोप होने पर, फिप्रोनिल 5 एससी का 2 मिली प्रति लीटर की दर से छिड़काव करें।
अरहर (लाल चना/अरहर)	आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना नहीं है अतः किसान भाई खेत में नमी की कमी होने पर फसल में हल्की सिंचाई करें।
गन्ना	शरदकालीन गन्ने में आवश्यकतानुसार सिंचाई करें तथा निराई-गुड़ाई कर खरपतवार निकाल लें।
चना	चने की विलम्ब से बुवाई माह के मध्य तक पूर्ण कर लें। चने में उदय एवं पंत जी 186 प्रजातियों का प्रयोग करें।
मसूर की दाल	मसूर की विलम्ब से बुवाई माह के मध्य तक पूर्ण कर लें। मसूर में पंत एल. 406 प्रजाति प्रयोग करें।

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
जौ	फसल की पछेती बुवाई माह के मध्य तक पूर्ण कर लें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
आलू	किसानों को सलाह दी जाती है कि यदि आलू के फसल की ऊंचाई 15-22 सेमी हो गई है तो आलू में मिट्टी डालना शुरु कर दें तथा आवश्यकता होने पर 15 दिन पर यह प्रक्रिया दोबारा करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	जिन पशुओं में एफ0एम0डी0 (मुखपका खुरपका) रोग के टीके नही लगें है उन पशुओं में तत्काल टीकाकरण करा लें। ताकि आपका पशुधन स्वस्थ रहे और उससे लगातार आपको सही उत्पादन प्राप्त होता रहें।
भेंस	पशुओं को ठंड से बचाव हेतु सूखी घास, पुवाल जो जानवरों के खाने के उपयोग में नहीं आती को बिछावन के रूप में प्रयोग करें। खिड़की दरवाजों पर त्रिपाल लगा दें ताकि ठंडी हवा प्रवेश न करें।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	ठंड से बचाव हेतु फर्श पर पुआल , चूरा या लकड़ी की छीलन की एक मोटी (3-6") परत बिछा दें। ठंड के बचाव हेतु बुखारी/ब्रूडर स्थापित किया जाना चाहिए।